कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन/फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र./जन.कार्य./2023–24/466 दिनांक : 04/03/2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय/ब्यूरोचीफ

ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

प्रेसनोटः–

(जनसम्पर्क अधिकारी)

एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम ''किसान समन्वित खेती अपनाएः डॉ. मिश्रा''

ग्वालियर। कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के सेंटर फॉर एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन एंड इंटरप्रेन्योरशिप एवं नेशनल बल्क हैंडलिंग कारपोरेशन और अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी सतना के तत्वाधान में ''सरसों में फसल कटाई के बाद प्रबंधन'' पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम में सी.एस.आर. के प्रोजेक्ट कोअर्डिनेटर श्री विक्रम सिंह द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. वाय. डी. मिश्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने किसानो को समन्वित खेती अपनाने की बात कही और बताया कि किसान एफ.पी.ओ. के माध्यम से कम जमीन पर भी अधिक मुनाफा कमा सकता है। डॉ. मिश्रा कहा कि फसल कटाई के बाद प्रबंधन की बहुत आवश्यकता होती है और इसके अभाव में किसानो को बहुत हानि का सामना करना पड़ता है।

कार्यक्रम में मार्केटिंग मैनेजर श्री अवध बिहारी पाल ने खाद्य एवं पेय उत्पादों के लिए एफ.एस.एस.ए.आई. लाइसेंस के बारे में जानकारी दी और बताया कि किसान एफ.पी.ओ. के माध्यम से अपना स्वयं का उत्पाद बना कर बेच सकता है जिससे किसान ज्यादा मुनाफा कमा सकते है। उन्होनें उत्पादों के आकर्षक पैकेजिंग और अनलाइन बिक्री के बारे में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण के प्रथम दिन 20 महिला कृषक सहित कुल 35 कृषकों ने भाग लिया।